(b) if so, when was the decision made;

(c) whether these could have been obtained locally; and

(d) what was the price differential between imported and indigenous sets?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI N.K.P. SALVE): (a) Yes, Sir.

(b) On 30-7-1982.

(c) The indigenous manufacturers were not in a position to supply the equipment within the time-frame of Asian Games' 1982.

(d) Enquiries were made from the indigenous manufacturers who did not give any quotations for the supply of equipment within the time-frame of the Asian Games.

हैड पोस्ट आफिस छपरा (बिहार) के लिये भवन

2599. **प्रो० सत्यदेव सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार हैड पोस्ट आफिस, छपरा (बिहार) के लिए विभागीय कार्यालय भवन और आवासीय भवन बनाने का विचार है ; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में प्रारम्भिक सरकारी जांच की है और छपरा टेलीफोन एक्सचेंज भवन बनाने का निर्णय किया है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) छपरा मुख्य डाकघर के लिए पहले से ही विभागीय इमारत है जिसमें पोस्टमास्टर के लिए आवास की व्यवस्था है। फिर भी, इस इमारत के विस्तार के लिए कार्रवाई चल रही है।

(ख) छपरा स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के लिए इमारत के बारे में प्राथमिक जांच की गई है, तथा वह पाया गया कि अतिरिक्त इमारत की तत्काल आवश्यकता नहीं है।

छपरा बिहार में डी० ई० टी० (टेलीफोन) के कार्यालय के लिये विभागीय भवन का निर्माण

2600. **प्रो० सत्यदेव सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छपरा में डी० ई० टी० (टेलीफोन) का कार्यालय किराए के भवन में है ;

(ख) यदि हां, तो इसका वार्षिक खर्चा कितना है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इतनी अधिक धनराशि को बचाने की दृष्टि से विभागीय कार्यालय भवन बनाने का है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) जी हां।

(ख) किराया मूल्यांकन समिति द्वारा भवन का किराया निर्धारित किया जा रहा है तथा अभी तक कोई किराया नहीं किया गया है। तथापि, भवन के मालिक ने 2500 रु० प्रतिमाह मांगा है।

(ग) जी हां। छपरा में एक विभागीय कार्यालय भवन का निर्माण करने का प्रस्ताव है।